भाराउससं NCCF
लखनऊ LUCKNOW

भाराउससं/लख/व्यवसाय/2021–22/ 302 28/10/2021

महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशा0),
एन0सी0सी0एफ0 मुख्यालय,
नई दिल्ली

विषय–दीनदयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में निर्माण कार्य हेतु बिजनेस एसोसिएट के इम्पैनलमेट बावत निविदा प्रकाशित करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भित विषयान्तर्गत शाखा कार्यालय द्वारा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में कराये जाने वाले निर्माण/मरम्मत कार्यों के लिए दरें/प्रस्ताव आमंत्रित करने हेतु अल्प कालीन निविदा पत्र के साथ संलग्न कर संस्था की वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु आपकी ओर अग्रेसित है।

आपसे अनुरोध है कि उक्त निविदा/प्रपत्र मुख्यालय, नई दिल्ली के बेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

28/10/21

(ए0के0सिंह)
क्षेत्रीय प्रबंधक

प्रतिलिपि–महाप्रबंधक (व्यवसाय), एन0सी0सी0एफ0, मुख्यालय, नई दिल्ली।

Scanned by CamScanner

भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित
NATIONAL CO-OPERATIVE CONSUMERS' FEDERATION OF INDIA LTD.
(उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार)
शाखा कार्यालयः डी-79, विज्ञानपुरी, महानगर एक्सटेन्शन, लखनऊ-226006
Branch Office: D-79, Vigyanpuri, Mahanagar Extension, Lucknow-226006
Ph.: 0522-4955937, 4072415 E-mail: nccflko@gmail.com

भाराउससं/लख/व्यवसाय/2021–22 302 दिनांक–28.10.2021

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

लखनऊ शाखा द्वारा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के स्पोर्टस परिसर में रोड, पथ–वे, बाउण्ड्रीवाल, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, फैन्सिग एवं शौचालय ब्लाक इत्यादि का निर्माण कराया जाना है, जिसके लिए शाखा कार्यालय में पंजीकृत बिजनेस एसोसिएट/फर्म से उनकी दरें/आंगणन/प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त किये जाने वाले निर्माण/मरम्मत कार्यो हेतु जो भी नियम व शर्ते होंगी वह फर्म को मान्य होंगी। बिजनेस एसोसिएट/फर्म द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली दरों/आंगणन प्रस्ताव में संस्था की नियमानुसार निर्धारित मार्जिन/छूट सम्मिलित होनी चाहिए।

शाखा कार्यालय में पंजीकृत सक्षम बिजनेस एसोसिएट/फर्में एन0सी0सी0एफ0 के छूट/मार्जिन के साथ उपरोक्त प्रस्तावित कार्यों के निर्माण हेतु अपनी दरें/आंगणन का प्रस्ताव शाखा कार्यालय, लखनऊ को दिनांक 03.11.2021 को सायं 04:00 बजे तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्राप्त किसी भी दर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

भवदीय
कृते–भाराउससं, मर्यादित
28/10/21
(ए0के0 सिंह)
क्षेत्रीय प्रबंधक

Scanned by CamScanner